## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा विवाद मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने राज्य सरकार से मांगी पूरी जानकारी, 23 मई को होगी अगली सुनवाई।
- केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर लगाया प्रतिबंध, मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में रखी गयी चांदी, अब आयात के लिए सरकारी लाइसेंस जरूरी।
- रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री देश के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारियों की सूची में हुए शामिल, देश के 100 जिलाधिकारियों को भी सूची में मिला स्थान।
- विश्व उच्च रक्तचाप दिवस को लेकर राज्यभर में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान, हेल्पलाइन नंबर 104 पर 24 घंटे मरीजों को दी जा रही है सलाह।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा–ऑस्ट्रेलिया दौरे और एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी टीम।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में नीदरलैंड्स के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया पिछले कुछ समय से कोविड महामारी, वर्तमान में जारी संघर्षों और ऊर्जा संकट जैसी कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में भारत अवसरों की भूमि बनकर उभर रहा है।

*******************

स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े नियुक्ति विवाद मामले में गठित वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुमार चौधरी ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार को नियुक्त अभ्यर्थियों से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसमें नियुक्ति से जुड़े कार्यालय आदेश, विषयवार और श्रेणीवार प्राप्तांक, जिलावार मेरिट सूची सहित अन्य दस्तावेज शामिल हैं। एसडीपीओ बैजु उरांव ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी।

*******************

कीमती धातुओं पर भारी सीमा शुल्क लगाने के कुछ ही दिनों बाद, सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी के आयात की नीति को मुक्त से प्रतिबंधित करके संशोधित कर दिया गया है। सरकार ने पिछले सप्ताह कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। प्रतिबंधित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए सरकारी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

*******************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा जारी देश के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारियों की सूची में स्थान मिला है। देशभर के करीब 800 जिलों के अधिकारियों के कार्यों के अध्ययन के बाद तैयार इस सूची में उन्हें बेहतर प्रशासन, जनसरोकार और विकास कार्यों के आधार पर चुना गया है। चयन प्रक्रिया में प्रशासनिक क्षमता, प्रभावी गवर्नेंस, नवाचार, संकट प्रबंधन और जनभागीदारी जैसे मानकों को शामिल किया गया। इस सूची में देशभर के एक सौ जिलाधिकारियों को स्थान मिला है।

*******************

पूर्वी सिंहभूम में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने वन विभाग की डीएफओ सबा आलम अंसारी के साथ मानगो से सटे दलमा पहाड़ की तलहटी के विभिन्न क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र को पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना पर सहमति बनी। प्रस्ताव के तहत चंद्रावती नगर, गोपाल नगर, कुमरूम बस्ती और पारडीह के आसपास पार्क, तालाब, पाथ–वे और बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क विकसित किए जाएंगे। इन क्षेत्रों को इको–टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। विधायक ने कहा कि दलमा की तलहटी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और यहां पर्यावरण अनुकूल विकास कार्य किए जाएंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में वैश्विक जागरूकता, रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें, नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं।

इधर, राज्य के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों को नियमित व्यायाम करने, फल और सब्जियों का अधिक सेवन करने तथा वजन नियंत्रित रखने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी या शिकायत के लिए 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध है।

*******************

रांची पुलिस ने वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर चलाए गए "ऑपरेशन प्रहार" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले दो दिनों में एक सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान दो सौ बीस से ज्यादा लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया, जिसे रांची पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। रांची पुलिस ने कहा है कि अपराध नियंत्रण और संगठित अपराध पर कार्रवाई के लिए भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

*******************

रांची के कांके थाना क्षेत्र में पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त चेतावनी जारी की है कि ईंधन की कृत्रिम कमी पैदा करने, जमाखोरी या सप्लाई रोकने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और पेट्रोलियम अधिनियम 1934 के तहत कार्रवाई होगी। पुलिस ने निर्देश दिया है कि सभी पंपों पर पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति सामान्य रखी जाए, स्टॉक और सरकारी दरें बोर्ड पर प्रदर्शित हों, और एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। बिना हेलमेट वाले दोपहिया चालकों और खुले बर्तन में पेट्रोल–डीजल देने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है, साथ ही भीड़ होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया है। थाना प्रभारी साक्षी जमुआर ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

देवघर जिले की पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 30 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। देवघर के एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भोजपुरी और मगही भाषा पर कहा है कि जिन भाषाओं को बिहार में ही पूर्ण मान्यता नहीं मिली है, उन्हें झारखंड में अलग दर्जा देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड की अपनी क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं की समृद्ध पहचान है, जिनके संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य की मूल भाषाओं और संस्कृति को मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी है।

*******************

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा है कि महिला टीम आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले बंगलूरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में तैयारियों पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम 26 से 30 मई के बीच पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले आगामी एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप के लिए एक महत्वपूर्ण चरण है। बता दें कि भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा की रहनेवाली हैं।

*******समाप्त*******